
# फ्लाइट द्वारा भूटान यात्रा, थिम्पू, फुंटशोलिंग, पारो, पुनाखा

**यात्रा समय: 07 दिन**




**यात्रा प्रारम्भः 10 दिसम्बर 2025 व 05 फरवरी, 02 अप्रैल 2026**

| दिन | दर्शनीय स्थल |
|---|---|
| पहला दिन | **दिल्ली** से फ्लाइट द्वारा बागडोगरा पहुँचकर गाड़ी द्वारा भूटान बॉर्डर के लिए प्रस्थान। (रात्रि विश्राम जयगांव/फुंटशोलिंग)। |
| दूसरा दिन | **फुंटशोलिंग** से थिम्पू के लिए प्रस्थान। रास्ते में हिमालय की गोद में बहते सुंदर झरनों (वॉटरफॉल) का आनंद लेते हुए यात्रा करें। थिम्पू शहर पहुँचकर और स्थानीय बाजारों का भ्रमण करें। होटल में चेक-इन कर रात्रि विश्राम थिम्पू। |
| तीसरा दिन | **थिम्पू** से पुनाखा के लिए यात्रा पुनाखा द्ज़ोंग, सस्पेंशन ब्रिज और सुरम्य घाटियों का दर्शन किया जाएगा। दिनभर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के बाद वापसी थिम्पू। (रात्रि विश्राम थिम्पू)। |
| चौथा दिन | **थिम्पू** बुद्धा पॉइंट, मेमोरियल चोर्टेन, हिन्दू टेम्पल भ्रमण कराते हुए पारो की ओर प्रस्थान। रास्ते भर पहाड़ी नजारों, पारो चू नदी और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद। (रात्रि विश्राम पारो)। |
| पाँचवां दिन | **पारो** नेशनल म्यूजियम, पारो द्ज़ोंग, टाइगर नेस्ट व्यू पॉइंट, रात्रि पारो। |
| छठवां दिन | **पारो** से चुखा बाँध दिखाते हुए जयगांव बॉर्डर हेतु प्रस्थान (रात्रि विश्राम जयगांव/सिलीगुड़ी)। |
| सातवां दिन | **बागडोगरा** से फ्लाइट द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान, दिल्ली एयरपोर्ट पर मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा समाप्त। |

**यात्रा का किराया:-** होटल में भोजन, चाय, नाश्ता, घूमने के लिए मिनी बस, डबल बेड होटल रूम व फ्लाइट से आने जाने का किराया **₹48,001/-** प्रति सवारी होगा। अग्रिमबुकिंग हेतु **₹10,001/-** प्रति यात्री मध्य प्रदेश प्रतिनिधि कुलदीप/अनिल धारिया जी उज्जैन के बैंक खाते में या नगद जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से पूर्व ली जायेगी। ओरिजनल वोटर आई.डी./पासपोर्ट साथ में लाना अनिवार्य है। दर्शनीय स्थलों का प्रवेश शुल्क यात्रियों द्वारा वहन किया जाएगा। कृपया भूटान विदेश यात्रा के नियम पेज नं. 36 को ध्यान पूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक कराये।

**यात्रा शुल्क फ्लाइट द्वारा:** यात्रा कुल किराया ₹**48,000/-** प्रति व्यक्ति। हवाई यात्रा – बागडोगरा (न्यू-जल्पाईगुड़ी) आने–जाने की टिकट, पुशबैक डीलक्स बस/मिनी बस यात्रा, डबल बेड होटल रूम, भोजन, चाय, नाश्ता आदि। बुकिंग राशि ₹**10,000/-** प्रति यात्री होगी।

**यात्रा शुल्क राजधानी रेल द्वारा:** यात्रा कुल किराया ₹**40,000/-** प्रति व्यक्ति। दिल्ली से आने–जाने की टिकट, पुश बैक डीलक्स बस/मिनी बस यात्रा, डबल बेड होटल रूम, भोजन, चाय, नाश्ता आदि। बुकिंग राशि ₹**5,000/-** प्रति यात्री होगी।

**भुगतान संबंधी नियम:** अग्रिम बुकिंग हेतु ऑनलाइन मध्य प्रदेश प्रतिनिधि कुलदीप/अनिल धारिया जी उज्जैन के बैंक खाते में या नगद जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से पूर्व ली जायेगी। विशेष सूचना: यदि कोई यात्री बुकिंग के बाद यात्रा रद्द करता है, तो अग्रिम राशि वापसी नहीं की जाएगी।

**यात्रा के दौरान सुविधाएँ:** प्रतिदिन सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर व रात का शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलेगा जिसमें मेनू होटल द्वारा पहले से निर्धारित रहेगा। भूटान सरकार का सस्टेनेबल डेवलपमेंट शुल्क (SDF) ₹**1,200** प्रतिदिन का खर्च यात्रा किराये में शामिल है।

**रात्रि विश्रामः** यात्रियों को डबल बेड रूम प्रदान किया जाएगा। होटल में चेक-इन व चेक-आउट समय स्थानीय नियमों के अनुसार रहेगा। यदि कोई यात्री सिंगल रूम लेना चाहता है, तो उसे ₹5,000 अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इसके लिए पूर्व में सूचना देनी होगी

**हवाई यात्रा से जुड़ी जानकारी:** चेक-इन बैग का अधिकतम वजन 15 किलो और हैंड बैग का अधिकतम वजन 7 किलो होगा। पावर बैंक केवल हैंड बैग में ही रखें। कैंची, नेल कटर, चाकू, नारियल तथा अन्य नुकीली वस्तुएँ फ्लाइट में ले जाना वर्जित है। यात्रियों को उनका बोर्डिंग पास फ्लाइट से 12 घंटे पूर्व WhatsApp पर भेज दिया जाएगा। यात्रा हेतु कृपया फ्लाइट प्रस्थान समय से 3 घंटे पहले संबंधित टर्मिनल पर संस्था के प्रतिनिधि से मिलें। हवाई यात्रा के नियम यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार ही लागू होंगे।

**आवश्यक दस्तावेज:** यात्रा के लिए पासपोर्ट या वोटर कार्ड की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। पासपोर्ट की वैधता यात्रा तिथि से कम से कम 6 महीने शेष होनी चाहिए। भूटान सरकार द्वारा आपकी असली वोटर आई.डी. व पासपोर्ट की जाँच की जाती है। कृपया संबंधित अधिकारियों को पूरा सहयोग दें और वहां के नियमों का पालन करें।

**विशेष निर्देश व नियम:** दर्शनीय स्थलों का प्रवेश शुल्क और विशेष पूजा आदि का खर्च यात्री स्वयं वहन करेंगे। यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की शारीरिक/आर्थिक क्षति या सामान की हानि की जिम्मेदारी यात्रा की स्वयं की होगी। व्यवस्थापक उत्तरदायी नहीं होंगे। यदि कोई यात्री अस्वस्थता के कारण यात्रा बीच में छोड़ देता है, तो कर वापस नहीं होगा और खर्च उसी यात्री की जिम्मेदारी होगी। कोई भी राशि वापस नहीं की जाएगी। आवश्यकता होने पर, यात्री स्वयं के खर्च पर डॉक्टर/अस्पताल की व्यवस्था कर सकते हैं। समयपालन अनिवार्य है। कोई भी यात्री यदि समूह से पीछे छूट जाता है तो अगले गंतव्य पर स्वयं के खर्च पर पहुँचना होगा। बसें दर्शनीय स्थलों की पार्किंग तक ही जाएगी, वंहा से यात्री स्वयं के खर्च पर पैदल या रिक्शा द्वारा दर्शनीय स्थलों जा सकते हैं। टाइगर नेस्ट जाने वाले इच्छुक यात्रियों को प्रातः 5 बजे निकलना होगा। मार्ग में 5 किलोमीटर (एक तरफ) की खड़ी चढ़ाई चलकर जाना होगा।

**आपात स्थिति व परिवर्तन:** मौसम की खराबी, बस/फ्लाइट/रेल की विलंब, अथवा स्थानीय कारणों जैसे हड़ताल, यातायात अवरोध, बंद आदि के कारण कुछ स्थलों के दर्शन संभव नहीं हो पाते हैं। ऐसी स्थिति में कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। यात्रियों से विनम्र आग्रह है कि यह सब अप्रत्याशित एवं धर्म यात्रा से संबंधित कारण हैं। यात्रा व्यवस्थापक पूर्ण सुविधा प्रदान करता है, फिर भी यात्रा के दौरान कुछ असुविधाएँ संभव हैं। कृपया उन्हें तपस्या की भावना से स्वीकार करें और यात्रा मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।